**दिनांक: 25.09.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांसवाड़ा से 1 लाख 22 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया–कहा–राजस्थान की धरती से ऊर्जा क्षेत्र में भारत के सामर्थ्य का नया अध्याय शुरू।**

- **प्रधानमंत्री ने जीएसटी पर भ्रम फैलाने के मामले में विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि इन सुधाारों से हर वर्ग को राहत मिलेगी।**

- **राज्य के निर्यात में वर्ष 2024–25 के दौरान 16 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी।**

- **पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिलों में श्रद्धांजलि स्वरूप विभिन्न आयोजन।**

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बांसवाड़ा से 1 लाख 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री मोदी ने जिले के नापला में माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की भी आधारशिला रखी। 42 हजार करोड़ की लागत वाली इस परियोजना में 700–700 मेगावाट क्षमता की चार यूनिट स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा, पेयजल, चिकित्सा, आधारभूत संरचना, राजमार्ग सहित कई हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री मोदी ने तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने राजस्थान की धरती से ऊर्जा क्षेत्र में भारत के सामर्थ्य का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के आज 90 हजार करोड़ से अधिक के बिजली प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं, जो दिखाते हैं कि देश बिजली की गति से आगे बढ रहा है और इस रफ्तार में देश के सभी हिस्से शामिल हैं।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। श्री मोदी ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार को पेपरलीक, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की स्थिति पर घेरते हुए कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेशवासियों के हित में लगातार काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों की उपेक्षा की है जबकि भाजपा हमेशा आदिवासियों के कल्याण के लिए संकल्पित रही है। जनजातियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही

विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा करना उनका संकल्प है।

.............

हाल ही में किये गये जीएसटी सुधारों का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इन सुधारों से हर रोज इस्तेमाल की जाने वाली ज्यादातर चीजें सस्ती हो गयी हैं और रसोई का खर्च कम हो गया है। श्री मोदी ने विपक्ष पर जीएसटी को लेकर भ्रम फैलाने पर आडे हाथों लिया और कहा कि जीएसटी में हुए सुधारों से हर वर्ग को राहत मिलेगी और हर परिवार के खर्च में अच्छी खासी बचत होगी।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी संबोधित किया। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को विकास की कई सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सौर उर्जा और नवीकरणीय उर्जा में नई उचाइयां छू रहा है।

.............

इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और अश्विनी वैष्णव जोधपुर से तथा अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से सभी जिले भी ऑनलाइन जुड़े। जिलों में हुए रोजगार मेलों में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं ने खुशी जताते हुए केन्द्र और राज्य सरकार का आभार जताया।

.............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज के बांसवाड़ा दौरे से प्रदेश को तीन नई ट्रेनों की सौगात मिली है। ये ट्रेन हैं–उदयपुर सिटी–चंडीगढ़ एकस्प्रेस, बीकानेर–दिल्ली कैंट वंदेभारत और जोधपुर–दिल्ली कैंट वंदे भारत। इन रेलगाड़ियों के शुरू होने के मौके पर जोधपुर रेल्वे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जोधपुर से पुणे, चैन्नई और हैदराबाद के लिए दैनिक ट्रेन पहले शुरू कर दी गई है। वहीं दिल्ली के लिए वंदे भारत शुरू होने से यहां के लोग एक ही दिन में दिल्ली जाकर वापस आ सकेंगे।

..................

जीएसटी कर प्रणाली से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए जैसलमेर जिले के पोकरण में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने जीएसटी की सरलता और पारदर्शिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग और विधायक महंत प्रतापपुरी मौजूद रहे।

पाली के दौरे पर रहे उद्योग और खेल राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई ने भी जीएसटी में हुए बदलावों से मिल रहे लाभों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी का प्रभावी क्रियान्वयन भारत को पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक सुनहरा कदम है।

..................

राज्य के निर्यात में वर्ष 2024–25 के दौरान रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2023–24 में 83 हज़ार 704 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था, जो इसके अगले साल बढ़कर 97 हज़ार 171 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने बताया कि इस तरह राज्य के निर्यात में 16 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य ने निर्यात में जिन उत्पादों में मुख्य रूप से वृद्धि दर्ज की है, उनमें जैम एण्ड ज्वैलरी, इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्ट, एग्रो एण्ड फूड प्रोडक्ट, प्लास्टिक और लेदर के उत्पाद शामिल हैं।

....................

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जयपुर के धानक्या में पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर रोजगार सहायता शिविर लगाया गया। जोधपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। श्री शेखावत ने लोगों से पंडित दीनदयाल के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

झुंझुनूं में पुष्पांजलि कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक राजेन्द्र भांभू सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पंडित दीनदयाल को श्रद्धांजलि दी।

करौली, सिरोही और भरतपुर में इस मौके पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाकार हरियाली का संदेश दिया गया।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म ''चलो जीते हैं'' दर्शकों का ध्यान खींचने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रही है। जयपुर के एक दर्शक सचिन जैन ने फिल्म देखने के बाद बताया कि ये फिल्म दूसरों के लिए अपनी जिंदगी जीने की सीख देती है।

....................

प्रदेशभर में "एक दिन–एक घंटा–एक साथ" थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' वृहद् श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिरोही जिले के सिवेरा में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सवाईमाधोपुर के सूरवाल में भी केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से ऐसा ही कार्यक्रम किया गया।

राजधानी जयपुर के रामनिवास बाग में जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल सहित जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया और दस स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया। जैसलमेर में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गड़ीसर झील और रामदेवरा में श्रमदान किया। श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत नेतेवाला में जिला कलक्टर डॉ. मंजू तथा झुंझुनूं में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अगुवाई में अधिकारियों और आमजन ने सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली।

....................

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज बालोतरा में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार और लापरवाही के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर बल दिया।

....................